<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 09.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. **केंद्रीय मंत्री और कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी कल से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले यूएनसीएसडब्ल्यू के सत्र में होंगी शामिल, महिलाओं के विकास के लिए भारत सरकार की पहल की देंगी जानकारी।**
2. **सिंहभूम की सांसद जोबा मांझी ने महिलाओं के विकास का दोहराया संकल्प, कहा – अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं को आगे की पंक्ति में लाने का होगा प्रयास। ।**
3. **राज्य के सभी सदर अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह का हुआ शुभारंभ, 15 मार्च तक चलेगा अभियान।**
4. **श्रम मंत्रालय ने किसी भी संगठन के श्रमिकों से ऑनलाइन माध्यम से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ उठाने के लिए ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकृत करने का दिया निर्देश।**
5. **आई.सी.सी. चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में आज दुबई में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होगा खिताबी मुकाबला, दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा मैच। ।**

**********************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी कल से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले यूएनसीएसडब्ल्यू के सत्र में शामिल होंगी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री महिलाओं के विकास के लिए भारत सरकार की पहल की जानकारी साझा करेंगी। मंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ भारत सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल भी आयोग के 69 वें सत्र में भाग लेगा। यह सत्र कल से न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में शुरू हो रहा है। बता दें कि सीएसडब्ल्यू एक प्रमुख वैश्विक अंतर–सरकारी निकाय है जो लैंगिक समानता, अधिकारों और महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से समर्पित है।

**********************

सिंहभूम की सांसद जोबा मांझी ने महिलाओं के विकास का संकल्प दोहराते हुए कहा कि अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं को आगे की पंक्ति में लाने का प्रयास किया जायेगा। सांसद पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा में महिला दिवस को लेकर समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

**********************

राज्य के सभी सदर अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों तथा विजन सेंटर्स पर आज विश्व ग्लूकोमा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इसके तहत लोगों को काला मोतिया के समुचित इलाज के लिए जागरूक किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड की ओर से लोगों को ग्लूकोमा के प्रति जागरूक कर दृष्टिहीनता को रोकने की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही ग्लूकोमा के लक्षण महसूस होने पर जांच कराने की सलाह भी दी जा रही है।

**********************

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए सिविल सर्विसेज की तैयारी करने वाले आदिवासी छात्रों को आर्थिक सहायता के निर्णय पर सवाल उठाया है।

श्री साह ने कहा कि देश मे सरकारी स्तर पर कई संस्थान हैं, जो निःशुल्क तैयारी कराते हैं। इसका लाभ एससी और ओबीसी को नहीं दिए जाने पर भी उन्होंने सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश का भी झारखंड में पालन नहीं हो रहा है।

*********************

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने केन्द्र द्वारा प्रस्तावित परिसीमन पर आपत्ति दर्ज की है। रांची में पत्रकारों से बातचीत मे झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि समूचा विपक्ष इसके विरोध मे एकजुट है। इस मुद्दे पर बाइस मार्च को विपक्षी दलों की बैठक होगी, जिसमे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी हिस्सा लेंगे।

*********************

श्रम मंत्रालय ने ऑनलाइन माध्यम से किसी भी संगठन के साथ काम करने वाले श्रमिकों से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना–एबीपीएमजेवाई का लाभ उठाने के लिए ई–श्रम पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करने का अनुरोध किया है। एबी–पीएमजेवाई योजना देश के 31 हजार से अधिक सार्वजनिक और निजी पैनलबद्ध अस्पतालों में द्वितीय और तृतीय श्रेणी के स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है।

*********************

पलामू जिले के छतरपुर और हरिहरगंज में दो सड़क दुर्घटनाों में तीन युवकों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गये हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इसके साथ ही पलामू जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान 5 युवकों की मौत हो गई है। शनिवार की दोपहर पांकी और लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में एक–एक युवकों की मौत हुई थी।

*********************

बोकारो जिले की पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया सभी साइबर अपराधी बैंक का डाटा चुराकर कस्टमर को कॉल कर केवाईसी और बैंक संबंधी जानकारी देने के नाम पर लोगो को ठगी का शिकार बनाते थे।

*********************

देवघर जिले के करौं, पथरोल, मधुपुर और सारठ थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाकर पुलिस ने पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। सभी के पास से जब्त मोबाइल फोन, सिमकार्ड, एटीएम कार्ड की जांच भी चल रही है। उधर देवघर डाबरग्राम चांदपुर स्थित विद्युत विभाग के स्टोर में अचानक आग लग गई, जिस पर काबू पा लिय़ा गया है।

*********************

धनबाद में अवैध कोयला खनन पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष तैयारी की है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************************

दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा। एक रिपोर्ट...

***********समाप्त***************